

**Divya Sandesh**
**Special Commemorative Edition**
**Jan 2014**



## Sudden Ascension of Jagadguru Shri Kripalu Ji Maharaj to Golok

The fifth original Jagadguru, Shri Kripalu Ji Maharaj, was a foremost philosopher in the spiritual arena and a saint endowed with supreme-divine-love-bliss. Shri Maharaj Ji's lectures have been and continue to be broadcast on several TV channels both in India and abroad. After watching one of these broadcast lectures, viewers would be charmed and could not help but eagerly wait to see the next lecture in the series. The content in Shri Maharaj Ji's lectures is organized in a very logical and systematic manner, and his each and every word is indisputable and touches the heart. He recites substantiating verses from Vedic scriptures and even provides the reference numbers of those verses with such ease that it seems all the scriptures are standing before him with folded hands to render their services.



When Shri Kripalu Ji Maharaj would lead kirtans in devotional congregations, not only were his devotees drowned in incessant showers of bliss, but he himself would also drown in the love of Shyama Shyam and shed tears of love. Seeing this loving expression, the devotees, too, would humbly submit to the Divine Couple



and their tears would flow in the purest form of devotional bliss. During kirtan, Shri Maharaj Ji would express manifestations of the eight sattvik bhavas along with ecstatic dancing, which created an ambience in which the devotees forgot their worldly cares and drowned in devotional happiness to such an extent that even several devotees would exhibit some of the same sattvik bhavas. In extremely high states of ecstasy, sometimes Shri Maharaj Ji would roll on the ground or rub his body on the walls.



Such a great personality, who was known worldwide through his satsang and who was the life and breath of his devotees, has left all who have loved him in great lamentation as he suddenly left this world and departed for Divine Golok at 11:40 am on November 11, 2013. A couple of days before this incident during the annual Sadhana Shivir, Shri Maharaj Ji was joyful and vibrant. The way he was freely showering his dear devotees with grace, no one could have imagined that such a grave calamity was soon going to take place. Rather, everybody was happy and convinced of being guided by a loving and caring hand for a very long time. On November 11, 2013, at 9:00 am he gave a very powerful lecture. These were his parting words for his devotees. But our intellects, as if under illusion,, could not comprehend that either.

On November 11, as was his custom, after his meal he decided to go for a walk. Suddenly he went to an area of his courtyard where he could not be seen. After



realizing that for some time Shri Maharaj Ji had not returned to the area where he normally walked, his attendants became suspicious that he might have fallen, but none could see where he actually was. They hurriedly went to check on him and found him in a half-lying position. Still conscious, he was helped to walk to his room. After a little time, he fell unconscious. Seeing him so, people thought he entered a coma. Doctors examined him and were disappointed. Seeing a small bump on his head they assumed that he had fallen and struck his head, causing him to suffer an internal brain injury. All his reflexes at this point were nonreactive. He was put on oxygen and taken to an Allahabad hospital. There doctors put

him on a ventilator and suggested he be taken to Delhi. By air ambulance he was taken to Fortis Hospital in Delhi. There, too, all specialists gave up thinking his condition would improve. Three doctor devotees of Shri Maharaj Ji were also present there. All the doctors unanimously agreed that Shri Maharaj ji was breathing only because of the ventilator; otherwise there was no hope of his regaining consciousness. Shri Maharaj Ji's family members and devotees suggested keeping Maharaj Ji on the ventilator a few more days. After that, the fleeting hope (his breath) also stopped, thus quashing the last of the hopes of all devotees.

For four days Shri Maharaj Ji was in a state of deep coma and doctors had declared that medically speaking there wasn't any chance that he would ever wake up or speak again. Shri Maharaj Ji's oldest daughter, Sushri Vishakha Tripathi, and youngest daughter, Sushri Krishna Tripathi, were caressing his hands. Moments before Shri Maharaj Ji took his final breath, he freed his hands with a jerk. He lifted up both his hands the way he used to do in the extreme ecstatic state and fluttered his lips as if to say 'Hari Bol'. Then he brought his hands down and folded them in namaskar pose. Doctors present there were completely astonished to see such activity in his body. Their medical science had completely given up all hope of any such activity.

It seemed that Shri Maharaj Ji gave the message,"I am going, now you have to take shelter of God's name. Radhey Radhey to all'.

Carefully analyzing the entire episode it seems that 11th Nov 11:40 am was the time he determined to leave the planet earth. But due to his graceful nature he left air circulate through his body. The reason being family members and devotees will maintain his body till he is breathing. Thus giving all the devotees from near, far and oversees sufficient time to reach Mangarh and see him for the last time. He knew well that without being able to see him even once, their grief would know no bounds.



On 15th Nov 7:05 am his breath also stopped. There was chaos. From all over his devotees started pouring in Mangarh with the sole aim on seeing him one more time. Devotees from US, Canada, England, Fiji, New Zealand, Australia, Trinidad, Kuwait, Ireland, Iran, Hong Kong, Malaysia, Singapore and several other countries arrived in Mangarh Dham. All were overwhelmed with sorrow at losing

their Guru, who is their life and breath and embodiment of love and grace.

On 18th Nov that wicked moment arrived after which seeing his body too won't be possible. This was the day of offering his divine remains to fire god. His divine remains were washed with fragranced water of all the prominent sacred places of India, smeared with sandal wood paste and well decorated. After Vedic rites he was laid on a bier covered with rose petals and kush (a soft grass). The pallbearers were his family members and devotees. With tearful eyes and kirtan on their



lips, they carried him up to the courtyard outside his room. Thereafter he was placed on a beautifully decorated chariot which, along with fifty to sixty thousand devotees, went on a grand procession circumambulating Bhakti Dham. The procession ended at the cremation ground in front of Bhakti Mandir, which was beautifully decorated with fresh flowers.



As soon as oldest grandson Shri Ramanand Ji offered fire to the pyre the entire atmosphere was filled with anguished screams and laments of the devotees. Our Beloved Guru yet again performed a grace filled leela to quell the pain of separation of his dear devotees. Amidst the flames first he raised his hand in a blessing pose and stayed there for a while. All devotees witnessed it and it subsided their pain to some extent. A little later one of his feet came up and stayed there. In this manner he quashed the rest of the pain. Thereby he disappeared for ever.

27 Nov was the day of Terahvi (the 13th day from which family members resume regular vedic duties). On this day certain Vedic rites are performed. As part of the

ceremonies along with 5000 Brahmins, 100 distinguished and 13 very distinguished Brahmins were offered food and gifts.  Gifts consisted of gold chain, TV, DVD player, steel almirah, along with 51 total items.

From 11th Nov onwards continuously devotees from India and oversees kept pouring in to pay respects to Shri Maharaj Ji. Several prominent politicians and their designates too came to offer their obeisance.  Chief Minister of UP Mr Akhilesh Yadav, education minister Ram Govind Ji, MP of Pratapgarh Rajkumari Ratna Singh,



Chief Justice Mr Mishra, Justice Mr Dilip Gupta, Jai Shri Tiwari and Kulshreshtha Ji also came to pay their respects. In addition to them several ministers, MLA, MPs also arrived in Bhakti Bhawan in Mangarh. Leading Yoga-guru Baba Ramdev with Acharya BalKrishna came to pay his respect. He offered flowers at the lotus feet of Shri Maharaj Ji and gave a brief message,"I have had the privilege of meeting several saints, but it is my experience that Shri Maharaj Ji is a divine personality. He is embodiment of the tradition of Rishis. Knowledge of all Vedas and scriptures is assimilated inside him. He is the king of Yogis. He has impeccable control over his senses and is a divine personality. At this time he is a corner stone of the spiritual world."

Today unfortunately we can't see him. We are incapable of directly contacting him to consult with him and to seek guidance. We are now deprived of the joy of his enchanting smile which could calm every aggravated and lost soul. Yet, Shri Maharaj Ji, who is an ocean of grace has given us so many of his fun and frolic filled memories. Through his lectures has given us the ability to keep steady on the path of our final goal. Though his keertans he keeps giving us the divine nectar to drink. All these together will continue to remind us of his delectable presence. In any case at every step he keeps reminding us that he hasn't gone anywhere. He is



with us. He is noting every action and thought of ours. This is his great grace and mercy.


Even after trying to pay off our debt to him we would remain indebted to him for infinite life times. He tied us with such an intimate bond of love that we forgot about the world around us. Upon getting a mere two or three days of vacation, every devotee - whether Indian or a foreigner was eager to be with him. In this manner he accomplished the formidable task of keeping his devotees away from the worldly mire.

Whoever approached him, he would so lovingly embrace him that let alone the fatigue of the journey, it seemed the fatigue of that devotee’s entire lifetime was removed. Apart from this, through his lectures or on the pretext of scolding someone or explaining the concepts to someone, he would further strengthen our knowledge to reach the goal. He also would explain how to walk on the path of devotion while leading a family life. He himself would close his eyes and shed tears of love for God, thus practically demonstrating how to do the same. By starting new projects he would keep giving us opportunity to serve financially as well. He always would prompt people to donate more than they think they could. Then people naturally reduce their extravagance to pay off the momentary commitments made. This automatically increases renunciation and reduces the habit of procuring worldly things. Hence, attraction for the worldly things reduces and love for the lotus feet of Guru and Guru increases. His mode of promoting people on the spiritual path was also so scientific!!! Counting his virtues will make a big book.

Now we offer our sincere prayers at the feet of Guru and Shyam–Shyam that his beautiful image may stay imprinted on our impure minds and continues to make it purer day by day. Under his able guidance we may keep increasing our love for him and keep progressing towards our goal. We may never, even in our dreams, ignore or violate his commands.

**All glories to our Sadguru.**

# जगद्गुरु श्री कपालु जी महाराज का आकस्मिक गोलोक-महाप्रयाण



पंचम मौलिक जगद्गुरु श्री कपालु जी महाराज संपूर्ण आध्यात्मिक जगद् में सर्ववंद्य महान्तम दार्शनिक व भक्तिरस से ओतप्रोत एक अद्वितीय संत थे। टी.वी. के जिस भी चैनल पर उनके प्रवचन प्रारंभ होते थे, वह उसी पर ऐसे छा जाते थे कि हर श्रोता उनके प्रवचनों को एक बार सुनने के बाद बरबस प्रतिदिन सुनने के लिये बेचैन हो जाता था। क्योंकि उसमे तारतम्यता केसाथ स मस्त ग्रंथों का समन्वय एवम् तर्कसंगतता होती थी। अतः उनके श्रीमुखारविन्द से निःसृतहर वाक्य अकाट्य हो कर हृदय को छू जाता था। हर ग्रंथ के उद्धरण वे यथास्थान नम्बर आदि के साथ इतनी सहजता और तीव्रता के साथ देते थे कि ऐसा प्रतीत होता था कि मानो समस्त शास्त्र वेद उनके सम्मुख अपनी सेवाओं को समर्पित करने के लिये स्वयं मूर्तिमान् हो कर खड़े हो गये हों।



वही श्री कपालु जी महाराज जब संकीर्तन कराते थे तो रस की अनवरत वर्षा से उनके भक्त सराबोर हो जाते थे। वे स्वयं भी निरन्तर अश्रुपात करते हुये श्यामा श्याम के भाव में निमज्जित हो कर कीर्तन कराते थे तो उनके भक्त भी करुणापूर्वक कीर्तन करते हुये भक्ति की पवित्रतम् अविरल धारा में भीगे होते थे। कीर्तन के समय सात्विक भावों का उद्रेक एवम् भावावेश की अवस्था में उनका नृत्य एक ऐसे दिव्य वातावरण का सृजन करता था मानो सारे भक्त इस दुनियाँ को पूर्णतया भूलकर किसी अज्ञात आनंद के समुद्र का अवगाहन कर रहे हों। उनके बहुत से भक्तों के शरीर में भी सात्विक भावों का प्राकट्य होता है । कभी कभी तो श्री महाराज जी भावावेश में रुदन करते हुये पृथ्वी पर लोटते थे अथवा अपने शरीर को दीवार के साथ रगड़ते थे, जैसा कि अत्युच्च विरह के भाव में घटित होता है।

ऐसे अध्यात्म जगत् के अंशुमाली, भक्तों के प्राण एवम् प्रमुख टी.वी. चैनल्स के सम्राट अकस्मात् ११ नवम्बर २०१३ को प्रातः ११.४० पर अपने प्रिय भक्तों को बिलखता हुआ छोड़कर अपने दिव्य धाम गोलोक को प्रयाण करगये । वह दो तीन दिन पूर्व से जितने प्रसन्नचित्त और अपन ी कृपा के भंडार को अपने प्रियभक्तों पर जिस मुक्त हस्त सेउलीचते हुये दृष्टिगत हुये थे उ सके कारण तो कोई सोच भी नहींसकता था कि हमारे ऊपर इतना कष्टदायी बज्रपात अतिशीघ्र ह ोने वाला है । प्रत्युत् हम उनकी और लम्बी छत्रछाया पाने की आशा में मन ही मन प्रसन्न होने लगे थे । ११ नवम्बर को प्रातः ९बजे उन्होंने एक अत्यंत प्रभावशाली प्रवचन भी दिया, जो कि अप ने भक्तों के लिये उनका अंतिम संदेश ही था । किन्तु हमारी मोहित बुद्धि इस बात को भी नहीं समझ सकी ।



११ नवम्बर को जैसे ही वह भोजनोपरान्त आँगन में घूमने को निकले, अकस्मात् वे ऐसी दिशा की ओर मुड़े,जहाँ उन्हें कुछ क्षणों को कोई देख नहीं पाया । चारों ओर लोग छिपकर उनके दर्शन के लिये खड़े थे तथापि न किसी ने उन्हें गिरते देखा न बैठते देखा । किन्तु अचानक उन्हे घूमते हुये न देखकर सबको आशंका हुई सभवतः वे गिर गये और हम लोग उन्हें गिरते हुये देख नहीं पाये । अतः कुछ लोग भाग कर उनके पास पहुँचे तो उन्हें अद्धरूप से लेटने की अवस्था में बैठे हुये पाया । लोग तुरन्त उन्हें उठाकर उनके कक्ष की ओर लाये किन्तु कुछ ही क्षणों के उपरान्त उन्हें पूर्णतया मौन की अवस्था में पाकर सभी को ऐसा आभास हुआ कि वह कोमा की स्थिति में चले गये हैं । डाक्टरों ने देखा, निराश हुये और अनुमान लगाया कि कदाचित् यह गिर गये हैं और इनके मस्तिष्क के भीतरी भाग में गहरी चोट आ गई है क्योंकि वाह्य रूप से उनक सिर एक बहुत मामुली सी चोट का निशान व छोटा सा भाग उभरा हुआ दिखाई दिया था । परन्तु इनके मस्तिष्क के सभी तन्तु निष्क्रिय प्रतीत हो रहे थे ।अतएव भीतरी चोट की आशंका के कारण आक्सीजन के साथ इलाहाबाद के अस्पताल में उन्हें तत्काल लाया गया । वहाँ के डाक्टरों ने भी पूर्णतया निराश हो कर उन्हे दिल्ली ले जाने की परामर्श दी ।

एयर अम्बुलेन्स के द्वारा दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया । यद्यपि वहाँ के सभी विशेषज्ञ डाक्टरों ने,जिसमें से तीन विशेषज्ञ श्री महाराज जी के पूर्ण भक्त भी थे, निराशा व्यक्त कर दी थी और बता भी दिया कि ये जो श्वास चलती हुई दिखाई दे रही है, वह मात्र वेन्टीलेटर के कारण है । किन्तु परिवार व भक्तों की आशा ने जबतक संभव हो,उन्हें वेन्टीलेटर पर रखने को कहा ।

वे चार दिन वेन्टीलेटर पर रहे उसके पश्चात् उस आशा को भी ध्वस्त करती हुई हमारे जीवन की आधारस्वरुपा वे श्वासें भी सदा सदा के लिये अवरुद्ध हो गईं।

ऐसो स्थिति में भी जब उनके शरीर में ३-४ दिन पहले से ही किसी भी प्रकार की किसी क्रिया का होना असंभव बता दिया गया था और डाक्टरों ने स्पष्टतः यह घोषणा कर दी थी कि अब ये कभी भी उठेंगे या बोलेंगे इसकी .१ प्रतिशत भी कोई संभावना नहीं है। श्वास अवरुद्ध होने के एक क्षण पर्व श्री महाराज जी ने जिनका एक हाथ उनकी कनिष्ठा पुत्री सुश्री कषा जी ने और दूसरा हाथ ज्येष्ठा पुत्री सुश्री विशाखा जी ने पकड़ा हुआ था और वे रो रो कर उनके वापस आने की प्रार्थना कर रहीं थीं, अकस्मात् झटके से अपने दोनों हाथों को छुड़ाया और जैसा कि वहप्रायः अत्युच्च भाव ावश की अवस्था में किया करते थे, दोनों हाथों को ऊपरतक उठाया और अधरों को फड़का कर 'हरि बोल' कहा और पुनः दोनों हाथ झटके से नीचे आ कर इस प्रकारजुड़ गये जैस वह हाथ जोड़ रहे हों। इस चमत्कारिक घटना को देखकर डाक्टरों के आश्चर्य का ठिकाना न रहा। और वह यह समझने में असमर्थ थे कि उनके शरीर में इस स्थिति पर आने के बाद कोई भी क्रिया कैसे संभव हुई। यहाँ आकर उनका चिकित्सा-विज्ञान पूर्णतया फेल हो गया।



ऐसा प्रतीत होता है मानो वह हाथ उठाकर हरिबोल कह कर अपना अंतिम संदेश सुना गये कि "मैं जा रहा हूँ। अब तुम लोग केवल हरि नाम का आश्रय लो। सबको मेरी राधे राधे।"

उपरोक्त सम्पूर्ण घटना का विचारपूर्वक विश्लेषण करने पर यह निष्कर्ष निकलता है कि ११ नवम्बर ही हमारे पूज्य गुरुदेव की स्वनिर्धारित तिथि व प्रातः ११.४० ही उनका स्वनिर्धारित गोलोक गमन का समय था। वे तो तभी स्व लोक जा चुके थे किन्तु अपने करुणा के सहज स्वभाव के कारण वे अपने दृष्ट शरीर में किञ्चित् वायु का आधानकरके इस आशय से छोड़ गये थे कि परिवार व सत्सङ्गी वर्ग उनकी अद्यावधि उपस्थिति के भ्रम से उनके शरीर कोतब तक अवश्य रखेंगे जब तक वायु रहेगी। तब तक उनके दूरस्थ व विदेशी भक्त भी उनके श्री विग्रह के अंतिमदर्शन हेतु पहुँच जायेंगे। अन्यथा सारे जीवन उनके दुख का कोई पारावार न होगा।

१५ नवम्बर को प्रातः ७.०५ पर बहिरङ्ग रुप से भी वे स्वलोक चले गये। हाहाकार सा मच गया। चारों ओर से उनके भक्त उनके अंतिम दर्शन की महती लालस से रोते बिलखते भक्तिधाम मनगढ़ पहुँचन लगे। महाराज जी का श्री विग्रहसायंकाल तक दिल्ली से मनगढ़ लाया गया। उसके पूर्वही कनाडा, अमेरिका, इंग्लैंड, फिजी, न्यूज़ीलैंड, आस्ट्रेलिया, कुबैत, ट्रिनिडाड, आयरलैंड, ईरान, हांगकांग, मलेशिया, सिंगापुर आदि तमाम देशों केसत्सङ्गी श्री मनगढ़ धाम आ चुके थे। सभी अपने



प्राणस्वरुप, प्रेम और कपा के मूर्तिमान् अवतार गुरुदेव के विरह के समुद्र मे डूबे हुये बिलख रहे थे। तीन दिन तक समस्त भक्त बारी बारी से वृहदाकार गोला बना कर अश्रुपात करते हुये व हरिनाम का संकीर्तन करते हुये उनके श्री विग्रह की परिक्रमा करते रहे।

१८ नवम्बर का वह क्रूरतम् समय भी आ गया जो हमें उनके श्री विग्रह के दर्शन से भी मजबूर कर गया। आजउनके दिव्याङ्ग को पावन अग्निदेव को समर्पित करने का दिवस था। प्रमुख तीर्थों के गंगाजल से स्नान, चंदन का लेप व अन्य श्रृङ्गारादि करने के पश्चात् समुचित पूजनादि वैदिक कर्मकाण्ड के पश्चात् उन्हें कुश व गुलाब की सुकोमल पंखुड़ियों से निर्मित शैया पर लिटाया गया। तत्पश्चात् उनके पुत्र व सत्सङ्गी जन कंधा देकर हजारों भक्तों के साथ अश्रुपूरित नेत्रों व हरिनाम कीर्तन की करुण ध्वनि के साथ उन्हें उनके महल तक



लाये। तदुपरान्त सुन्दर से पुष्प सज्जित रथ पर पधराया गया। ५०-६० हजार भक्तों ने रथ

के साथ मनगढ की परिक्रमा की। परिक्रमा का अंत उस स्थलपर हुआ जहाँ अग्नि समाधि की भ०य व्यवस्था की गई थी।



जैसे ही श्री महाराज जी के ज्येष्ठ पौत्र श्री रामानन्द जी ने मुखाग्नि दी और श्री महाराज जी के पवित्र दिव्याङ्ग को अपने अङ्क में समेटने के लिये अग्नि देव प्रकट हुये, सारा वाड्.मय भक्तां की दर्दभरी चीत्कार से गूँज गया। हमारे करुणाकर गुरुदेव ने अपने प्यारे भक्तां की विरहाग्नि को शांत करने के लिये पुनः एक चमत्कार पूर्ण कपा की। अकस्मात् प्रज्वलित अग्नि के मध्य से श्री महाराज जी का एक हाथ आशीर्वादात्मक मुद्रा में ऊपर की आ कर कुछ देर तक टिका रहा। सबने दर्शन िकये और इस चमत्कारिक दर्शन ने भक्तां की व्यथा को कम करने मेंसहायता की। थोड़ी ही देर बाद उनका एक चरण ऊपर की ओर आकर टिक गया और पुनः एक बार हमारे कपालु गुरुदेव ने इस प्रकार भक्तां की रही सही व्यथा को और दबा दिया और सबके हृदयों को पाषाणवत् बनाकर वह सदा के लिये अदृश्य हो गये।

२७ नवम्बर को तेरहवीं का अति विशिष्ट संस्कार सम्पन्न हुआ।इसमें ५ हजार ब्राह्मणों के अतिरिक्त १०० विशिष्ट व १३ अति विशिष्ट ब्राह्मणों को भोज व प्रत्येक ब्राह्मण को बहुमूल्य उपहार व दक्षिणा प्रदान की गई। उपहार मेंसोने की कंठी, टी.वी., डी.वी.डी. प्लेयर, अलमारी आदि व ५१ हजार की भेंट भी सम्मिलित थे।



११ नवम्बर से लगातार देशी विदेशी सत्सङ्गियों के झुंड व बहुत से गणमान्य लोग व उनके प्रतिनिधि श्रीमहाराज जी को अपनी भावभीनी श्रद्धाञ्जलि अर्पित करने के लिये आते रहे। मुख्य मंत्री श्री अखिलेश यादव के अतिरिक्त शिक्षा मंत्रो श्री राम गोविन्द जी, प्रतापगढ़ की एम.पी. माननीया राजकुमारी रत्ना सिंह, चीफ़ जस्टिस माननीय

श्री मिश्रा जी, श्री दिलीप गुप्ता, जै श्री तिवारी व श्री कुलश्रेष्ठ जी भी अपनी भाव भरी श्रद्धाञ्जलि अर्पित करने आये। इनके अलावा और भी बहुत से मंत्री, एम.एल.ए., एम.पी. आदि मनगढ के भक्ति भवन में आये।

योग - गुरु रामदेव बाबा भी अपनी श्रद्धाञ्जलि अर्पित करने के लिये आचार्य बालकृष्ण सहित कुछ अनुयायियों के साथ आये। पुष्पार्पण व श्री महाराज जी केचरणों में प्रणाम करने के पश्चात् उन्होंने अपने छोटे से वक्तव्य में कहा, "यों तो मुझे अनेकानेक संतों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है किन्तु मेरा ऐसा अनुभव है कि श्री कृपालु जी महाराज एक अलौकिक महापुरुष थे। वे ऋषि परम्परा के मूर्तिमान् प्रतीक थे। समस्त शास्त्रों और चारों वेदों का ज्ञान उनके भीतर समाया हुआ था। वे योगीन्द्र थे। संयममणि व दिव्य पुरुष थे। इस समय वह आध्यात्मिक जगत् के मूलाधार थे।"



आज दुर्भाग्यवश वे दृश्य रुप से गोचरित नहीं हैं,हम उनसे सीधा सम्पर्क कर के कोई परामर्श या निर्देश पाने में सक्षम नहीं है, हर व्यथित व भूले भटके हृदयों मे उल्लास का संचार कर देने वाली उनकी मोहिनी मुसकान को देखने का आनंद लेने से हम वंचित हो गये हैं किन्तु वे करुणा वरुणालय हमें हास्य और वात्सल्य युक्त अपनी इतनी मधुर स्मृतियाँ दे गये हैं, प्रवचनों के माध्यम से हर समय अपने लक्ष्य को साधे रहने का इतना ज्ञान दे गये हैं, कीर्तनों के माध्यम से हमें वह भक्ति का ऐसा रस पिला गये हैं जो सदा सर्वदा उनकी मनभावनी उपस्थिति का अनुभव कराता रहता है। वैसे भी पग पग पर वह ऐसा आभास कराते रहते हैं कि वह कहीं नहीं गये हैं। हमारे पास हैं। हमारी हर क्रिया और मनोभावों को नोट कर रहे हैं। जब हम उनके प्रवचन टी.वी परसुनते हैं तो तनिक भी ऐसा नहीं लगता कि वह हमसे दूर हैं। यह उनकी महान् दया व करुणा है।

हम उनके उपकारों से अनंत बार जन्म लेकर भी उऋण नहीं हो सकते । सर्वप्रथम तो उन्होंने हम पर प्रेम की अनवरत वर्षा कर के हमको अपने प्रेम पाश में ऐसा बाँध लिया कि हम सहज रुप से संसार को भूल सा गये ।उनका हर भक्त देशी हो या दूरस्थ विदेशी, २-४ दिन का भी अवकाश पाने पर उनके पास आने के लिये आतुर हो जाता था । इस प्रकार जगत कीच से स्वभावतः दूर रखने का दुरुह कार्य उन्होंने इतनी आसानी से कर दिया था कि हमें पता भी नहीं चला । जो भी आता उसे इतने प्यार व अपनेपन से वह हृदय से लगाकर कुशल क्षेम पूछते थे कि अपनी यात्रा का ही कष्ट नहीं, संपूर्ण जीवनकी यात्रा का ही कष्ट भूल जाता था । फिर धीरे धीरे प्रवचनों अथवा यों ही किसीको समझाने या डाटने के बहाने से वह हमें फिलोसफी का ज्ञान दे कर हमें अपने लक्ष्य की ओर दृढ़ बनाते जाते थे । पुनः संसार में रहकर भगवत्पथ पर कैसे निर्विघ्न चलना है, इसका भी बोध कराते थे । स्वयं घन्टों अश्रुपात करते हुये एवम् आँख बन्द करके रुपध्यान करते हुये हमें प्रैक्टिकल साधना की विधि भी सिखाते थे ।



कोई न कोई नई योजनायें प्रारम्भ करके वह हमें आर्थिक सेवा का अवसर देते थे । वह सदा एकव्यक्ति की क्षमता से अधिक धन का दान करने के लिये सबको प्रेरित करते थे ताकि हम उन सेवाओं को देने के लिये अपनी आवश्यकताओं को कम करते जायें । इससे संसार के प्रति सहज वैराग्य बढ़ेगा और संसार संबंधी वस्तुओं को खरीदने का अभ्यास घटता जायेगा । तो संसार संबंधी आसक्ति कम होती जायेगी और हरि एवं गुरु के चरणों में स्वभावतः प्रेम बढ़ता जायेगा । उनकी जीवों पर कपा करने की प्रणाली भी कितनी वैज्ञानिक थी!उनके उपकारों को गिनाने लग जाऊँ तो एक मोटी पुस्तक बन जायेगी ।

अब हम गुरुदेव एवं श्री श्यामाश्याम के चरणों में दिन रात यही प्रार्थना करत हैं कि उनकी यह छवि हमारे मलिन हृदयों में इसी प्रकार छायी रहे और हमारे मन को पवित्र बनाती रहे । हउनकी कपा की छत्रछाया में अनुदिन उनके प्रति अपनी प्रीति बढ़ाते हुये अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होते रहें । उनके द्वारा प्रदत्त निर्देशों की कभी भूलकर भी अवज्ञा न करें ।

श्रीमद् सद्गुरु सरकार की जै ।